# हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की कार्य परिषद् की दिनांक 12/04/2021 को सम्पन्न 14वीं बैठक का कार्यवृत्त

बैठक में निम्नलिखित उपस्थित हुये :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **प्रो0 नरेन्द्र बहादुर सिंह**<br>कुलपति,<br>एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | अध्यक्ष<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 2. | **प्रो0 योगेश सिंह,**<br>कुलपति<br>दिल्ली टेक्नोलॉजिकल युनिवर्सिटी (डी0टी0यू0)<br>दिल्ली – 110042<br>(अध्यक्ष अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 3. | **प्रो0 विनीत कंसल**<br>कुलपति, डा0 ए0पी0जे0अ0क0 प्राविधिक विश्वविद्यालय,<br>लखनऊ द्वारा नामित प्रतिनिधि। | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 4. | **प्रो0 मणीन्द्र अग्रवाल**<br>उपनिदेशक, आई0आई0टी0 कानपुर।<br>(शासन स्तर से नामित प्रौद्योगिकविद) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 5. | **प्रो0 योगेश जोशी**<br>अधिष्ठाता, इण्टरनेशनल रिलेशन<br>(निदेशक, आई0आई0टी0, कानपुर द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 6. | **श्री दिनेश अग्रवाल**<br>फाउण्डर एण्ड सी0ई0ओ0 आफ इण्डिया मार्ट, इण्डिया मार्ट इंटरमेस लिमिटेड, 7वॉ तल, एडरंत–नविस बिजनेस पार्क, प्लाट नं0–7, सेक्सन–142, नोएडा।(शासन स्तर से नामित उद्योगपति) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 7. | **श्री प्रदीप मिश्रा**<br>सी0एम0डी0, रूद्राभिषेक इंटरप्राइजेज प्रा0 लि0, ग्राउण्ड फ्लोर, युवा भवन, वाईएमसीए काम्प्लेक्स, 13 राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ।<br>(शासन स्तर से नामित उद्योगपति) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 8. | **प्रो0 तपोव्रत लहरी**<br>आई0आई0आई0टी0 प्रयागराज।<br>(निदेशक, आई0आई0आई0टी0, प्रयागराज द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 9. | **श्री अजय जौहरी,**<br>अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, कानपुर मण्डल, कानपुर।<br>(प्रमुख सचिव, वित्त विभाग के प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 10. | **डा0 रिपुदमन सिंह**<br>क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, कानपुर मण्डल, कानपुर।<br>(प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 11. | **प्रो0 राम नरेश**<br>कार्यवाहक वित्त नियंत्रक | विशेष आमंत्री<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 11. | **डा0 नीरज कुमार सिंह,**<br>कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | सचिव<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |

बैठक में निम्नलिखित उपस्थित नहीं हो सकेः

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **प्रो0 राजीव त्रिपाठी**<br>निदेशक, एम0एन0एन0आई0टी0, प्रयागराज।<br>(शासन स्तर से नामित प्रौद्योगिकविद) | सदस्य |
| 2. | **सचिव**<br>सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ। | सदस्य |
| 3. | **श्री अनिल कुमार**<br>समन्वयक, एस0पी0एफ0यू0 लखनऊ। | विशेष आमंत्री |

कोविड–19 के कारण वीडियो कान्फ्रेन्सिंग से हो रही परिषद् बैठक में उपस्थित सदस्यों का कार्य परिषद् के सचिव द्वारा स्वागत किया गया और अध्यक्ष, कार्य परिषद् की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई।

**14.01: हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर कार्य परिषद की दिनांक 31/03/2021 को सम्पन्न 13वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की दिनांक 31/03/2021 को सम्पन्न कार्य परिषद् की 13वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण किया तथा निर्देश दिये कि यदि कोई टीका प्राप्त होती है तो उसे आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाय।

**14.02: विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो0 एन0बी0 सिंह का 03 वर्ष का कार्यकाल दिनांक 20/02/2021 को समाप्त होने उपरान्त मा0 कुलाधिपति के आदेश के कम में कार्यकाल विस्तारित किये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद प्रो0 एन0बी0 सिंह, कुलपति के कार्यकाल समाप्ति उपरान्त उनके कार्यकाल विस्तारण सम्बन्धी मा0 कुलाधिपति द्वारा निर्गत आदेश से संज्ञानित हुई और साथ ही एकमत से समस्त कार्यपरिषद सदस्यों द्वारा प्रो0 एन0बी0 सिंह द्वारा कुलपति के रूप में विश्वविद्यालय हेतु किये गये कार्यों की प्रशंसा करते हुये प्रसन्नता व्यक्त की।

**14.03: मा0 कुलाधिपति के आदेश सं0 ई–2755/जी0एस0 दिनांक 07/04/2021 के द्वारा नवीन कुलपति की नियुक्ति के सम्बन्ध में।**

परिषद डा0 शमशेर, प्रोफेसर, दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, नई दिल्ली को मा0 कुलपधिपति द्वारा विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्ति किये जाने सम्बन्धी आदेश सं0 ई–2755/जी0एस0 दिनांक 07/04/2021 से संज्ञानित हुयी और हर्ष व्यक्त करते हुये नियुक्ति का स्वागत किया।

**14.04: विश्वविद्यालय में संचालित भारत सरकार की विश्व बैंक सहायतित परियोजना टेक्युप–III की कार्य अवधि दिनांक 31/03/2021 को समाप्त होने पश्चात् परियोजना की अवधि दिनांक 30/09/2021 तक विस्तारित होने के सम्बन्ध में।**

परिषद ने विश्वविद्यालय में संचालित भारत सरकार की विश्व बैंक सहायतित परियोजना टेक्युप–III की कार्य अवधि दिनांक 31/03/2021 को समाप्त होने पश्चात् परियोजना की अवधि दिनांक 30/09/2021 तक विस्तारित होने से संज्ञानित होते हुये अनुमोदन प्रदान किया एवं नियमानुसार आवश्यक अग्रेत्तर कार्यवाही सम्पादित किये जाने के निर्देश प्रदान किये।

**14.05: डा0 बिपिन कुमार त्रिपाठी, प्रोफेसर, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 विभाग द्वारा राजकीय इंजी0 कालेज, आजमगढ़ के निदेशक पद पर कार्यभार ग्रहण करने सम्बन्धी सूचना से परिषद को अवगत कराये जाने के साथ साथ कार्येत्तर अनुमोदन के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने डा0 बिपिन कुमार त्रिपाठी, प्रोफेसर, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 विभाग के निदेशक, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज आजमगढ़ के पद पर हुयी नियुक्ति को प्रसन्नता व्यक्त करते हुये संज्ञान में लिया एवं प्रो0 त्रिपाठी को सेवा स्थानान्तरण के आधार पर कार्य करने की अनुमति के साथ–साथ धारणाधिकार सहित कार्यभार ग्रहण की तिथि से वेतन रहित अवकाश प्रदान किये जाने पर कार्येत्तर स्वीकृत प्रदान की। डा0 त्रिपाठी द्वारा सेवास्थानान्तरण अवधि में अपनी कटौतियॉं नियमानुसार विश्वविद्यालय कोष में जमा की जायेंगी।

**14.06: डा0 विनय कुमार पाठक, प्रोफेसर, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग विभाग एवं सम्प्रति कुलपति, डा0 ए0पी0जे0अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा मा0 कुलाधिपति के आदेश के कम में छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर में कुलपति पद पर कार्यभार ग्रहण करने सम्बन्धी सूचना से परिषद को अवगत कराये जाने के साथ–साथ कार्येत्तर अनुमोदन के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने डा0 विनय कुमार पाठक, प्रोफेसर, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 विभाग एवं सम्प्रति कुलपति, डा0 ए0पी0जे0अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा श्री राज्यपाल एवं मा0 कुलाधिपति के आदेश के कम में छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर में कुलपति पद पर हुयी उनकी नियुक्ति को संज्ञान में लिया एवं एक मत से नवनियुक्ति हेतु बधाई देते हुये प्रसन्नता व्यक्त की। परिषद् ने साथ ही प्रो0 विनय कुमार पाठक को पूर्व की निरन्तरता में दिनांक 12/04/2021 के पूर्वान्ह से 03 वर्ष की अवधि तक प्रतिनियुक्ति के अधार पर धारणाधिकार सहित कार्य करने पर कार्येत्तर अनुमोदन प्रदान किया। प्रो0 पाठक द्वारा अपनी कटौतियॉं नियमानुसार विश्वविद्यालय कोष में जमा की जायेगी।

बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद के साथ सम्पन्न हुई।

| | |
|---|---|
| **(प्रो0 नीरज कुमार सिंह)** | **(प्रो0 एन0बी0 सिंह)** |
| सचिव | अध्यक्ष |